तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, सोमवार 12 मई 2025



13 राजिम के विकास में कोई कमी नहीं होगी : विधायक रोहित





14 महानदी की सफाई को मिलेगी रफ्तार बृजमोहन...











## खबर संक्षेप

### सीजी 23 वाहनों में एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाने शिविर आज

**गरियाबंद।** जिला अंतर्गत 01 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत समस्त प्रकार के सीजी23 वाहन, मोटरसायकल, कार, ऑटो, टैक्सी, हल्के व भारी मालवाहन, यात्री वाहन व स्कूल बसों में एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य किया गया है। जिसके सफल क्रियान्वयन एवं जनमानस की सुविधा को ध्यान में रखकर परिवहन विभाग गरियाबंद द्वारा विशेष शिविरों का आयोजन भी किया जा रहा है। इसी तारतम्य में 12 मई 2025 से ब्लॉकवार शिविरों का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे लगेगी। 12 और 13 मई को मिनी स्टेडियम शिशु मंदिर के पास छुरा में आयोजित किया जाएगा। 14 और 15 मई को नगर पंचायत के सामने प्राथमिक शाला परिसर फिंगेश्वर में एवं 16 मई को वन विभाग परिसर मेन रोड मैनपुर में शिविर लगेगी। एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाने दो पहिया वाहन के लिए 366 रुपए, तीन पहिया वाहन के लिए 427 रुपए, चार पहिया वाहन के लिए शेष पेज 12 पर

**बैठक : नए व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स निर्माण और तालाबों के गहरीकरण को भी मिली स्वीकृति**

# शिक्षा व सुविधाओं में बढ़ोतरी, जिले में बनेगा नालंदा परिसर ऑडिटोरियम और स्वीमिंग पुल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद

गरियाबंद नगर पालिका क्षेत्र में विकास की रफ्तार को नई ऊंचाई देने की तैयारी शुरू हो गई है। जल्द ही नगर में ऑडिटोरियम, स्विमिंग पुल, नालंदा परिसर, व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स और उद्यान जैसे कई निर्माण होंगे। गत दिनों विधायक रोहित साहू की मौजूदगी में हुई सामान्य सभा की बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव ने यह जानकारी दी। उन्होंने नगर के विकास के लिए संभावित, प्रस्तावित और स्वीकृति योग्य विभिन्न विकास कार्यों और परियोजनाओं की विस्तार से जानकारी दी।

अध्यक्ष यादव ने बताया कि नगर को सुंदर, स्वच्छ, सुव्यवस्थित और जनभावनाओं के अनुरूप संवारने रोडमैप तैयार कर लिया गया है। शासन, प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की मदद से योजनाओं को अमल में लाया जाएगा। वार्ड क्रमांक पंद्रह में इंडोर स्टेडियम के पास ऑडिटोरियम और स्विमिंग पुल बनेगा। काली मंदिर के पास नालंदा परिसर की स्थापना होगी। इससे सांस्कृतिक और शेष पेज 12 पर

## नगर पालिका के विकास में नहीं होगी कमी : विधायक




### यहां बनेंगे नए कॉम्प्लेक्स

नगर में गायत्री मंदिर के सामने रिक्त भूखंड, गौरव पथ मार्ग में गांधी मैदान के पास, बस स्टैंड में यात्री प्रतिक्षालय के ऊपर और शुक्रवारी बाजार में बनेंगे। शुक्रवारी बाजार, अटल बाजार और वार्ड क्रमांक 09 में पुराने कॉम्प्लेक्स हटाकर नए बनाए जाएंगे। गांधी कूप स्थित पानी टंकी को तोड़कर भी कॉम्प्लेक्स बनेगा। किसान राइस मील के पास मांगलिक भवन सहित व्यवसायिक परिसर का निर्माण होगा।

### अवैध नल कनेक्शन को किया जाएगा नियमित

छिंद तालाब और नया तालाब का गहरीकरण किया जाएगा। दोनों तालाबों के किनारे आकर्षक उद्यान बनाए जाएंगे। यह स्थान नगरवासियों के लिए मनोरंजन और विश्राम का केंद्र बनेंगे। सड़क चौड़ीकरण के प्रस्ताव भी तैयार हो रहे हैं। इससे यातायात व्यवस्था सुधरेगी और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। कृषि उपज मंडी के पास नवीन कार्यालय भवन निर्माण, पुराने स्वास्थ्य विभाग भवन को कार्यालय और व्यवसायिक परिसर के रूप में उपयोग किया जाएगा। मंगल भवन का नवीनीकरण होगा। स्पोर्ट्स क्लब को तोड़ा जाएगा। अवैध नल कनेक्शन को नियमित किया जाएगा। मुक्तिधाम में उद्यान और छिंद तालाब में कुंड का निर्माण होगा। सामुदायिक भवन निर्माण का प्रस्ताव भी पास हुआ। इस दौरान विधायक रोहित साहू ने कहा कि गरियाबंद नगर को को जिला मुख्यालय के अनुरूप स्मार्ट और सुव्यवस्थित शहर बनाया जाएगा। इसके लिए हम पूरी प्रतिबद्धता से काम करेंगे। विकास कार्यों में कोई कमी नहीं होगी। नागरिक सुविधाओं का विस्तार भी किया जाएगा।

# तमिलनाडु भागने की फिराक में था सागौन तस्कर, गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व की एंटी पोचिंग यूनिट को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। यूनिट ने गुप्त सूचना के आधार पर ओडिशा के नवरंगपुर जिले से एक कुख्यात सागौन तस्कर बालकदास को गिरफ्तार किया है। यह वही बालकदास है, जो टाइगर रिजर्व के तौरेंगा (बफर) रेंज से सागौन की लकड़ी की अवैध कटाई और तस्करी से जुड़े वन्यजीव अपराध क्रमांक 170/16, दिनांक 20 जनवरी 2025 के मामले में फरार था। एंटी पोचिंग यूनिट ने उसे उमरकोट के पास उस समय दबोचा, जब वह गिरफ्तारी से बचने तमिलनाडु भागने की फिराक में था। उसे गरियाबंद सीजेएम कोर्ट में पेश कर 10 मई को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस गिरफ्तारी की कड़ियां जनवरी महीने में हुई कार्रवाई से जुड़ी हैं। 15 और 16 जनवरी को टाइगर रिजर्व की टीम ने ओडिशा के शेष पेज 12 पर

### ओडिशा वन विभाग की लापरवाही उजागर

हालांकि, नवरंगपुर वन प्रभाग ने कार्रवाई में सुस्ती दिखाते हुए कृष्णा हलधर के खिलाफ कोई अपराध दर्ज नहीं किया और न ही इस बारे में टाइगर रिजर्व प्रशासन को जानकारी दी। इतना ही नहीं, प्रशांत दास और विजय गोंड को न्यायालय में भी पेश नहीं किया गया।





प्रस्तुति : यशवंत यादव, कृष्णा एड एजेंसी (संवाददाता) - छुरा, मो. 9893464850

# रेलवे स्टेशन में बढ़ी सुरक्षा, मशीन व डॉग स्क्वाड से हर यात्री और सामान की हो रही जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारत-पाक सीमा पर तनाव के बीच राजधानी रायपुर के रेलवे स्टेशन पर भी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। स्टेशन में आने-जाने वाले यात्रियों और पार्सल के जरिए पहुंचने वाले सामान की गहन जांच की जा रही है।

सुरक्षा एजेंसियां मेटल डिटेक्टर, स्कैनिंग मशीन और डॉग स्क्वाड की मदद से हर यात्री के सामान की जांच कर रही हैं। आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक एस. दत्ता ने बताया कि युद्ध समाप्ति के बाद भी रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम जारी रहेंगे। प्लेटफॉर्म पर तैनात जवान और सीसीटीवी कैमरों के जरिए हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। संदिग्ध यात्रियों से पूछताछ की जा रही है और किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरती जा रही है।

बता दें कि रायपुर रेलवे स्टेशन में दिनभर में 50 हजार से अधिक यात्रियों की आवाजाही होती है। अलर्ट होने के बाद दिनभर में स्टेशनों में जांच अभियान जारी है।

## भारत-पाक सीमा पर तनाव के बीच स्टेशनों और ट्रेनों में आरपीएफ हुई सतर्क

### लंबी दूरी की ट्रेनों में बढ़ाई गई सुरक्षा

रायपुर रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था और अधिक सख्त कर दी गई है। स्टेशन में कुल चार प्रवेश द्वार हैं, जहां से कोई भी आसानी से अंदर जा सकता है। इसे देखते हुए अब हर यात्री के सामान की मशीन और डॉग स्क्वॉड की मदद से जांच की जा रही है। प्लेटफॉर्म से लेकर वेटिंग हॉल तक आरपीएफ सतर्क नजर आ रही है। शनिवार को भी दिनभर आरपीएफ के जवान स्टेशन के अलग-अलग हिस्सों में जांच करते दिखे। लंबी दूरी की ट्रेनों में अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गई है ताकि संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा सके।



### नियमित चलेगी छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस

मौजूदा सुरक्षा स्थिति को ध्यान में रखते रेल बोर्ड नई दिल्ली के द्वारा पंजाब राज्य में जाने वाली कुल 28 ट्रेनों को बीच रास्ते में समाप्त करने की घोषणा की थी, जिसमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली 18237/18238 कोरबा-अमृतसर-कोरबा छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस को भी 10, 11 एवं 12 मई तक मेरठ स्टेशन में समाप्त करने आदेश जारी हुआ था, लेकिन 2 घंटे के बाद ही रेलवे बोर्ड से ट्रेन के नियमित परिचालन की सूचना दी है।

## खबर संक्षेप

### नवापारा में भागवत कथा आज से शुरू

**नवापारा-राजिम।** नवापारा के वार्ड क्रमांक 2 प्राथमिक शाला के पास श्रीभक्तराज गुहा निषाद समाज सामुदायिक भवन में आचार्य पंडित लक्ष्मीनारायण महाराज का श्रीमदभागवत कथा प्रसंग बताया जाएगा। यह आयोजन मोहन- गीता देवी निषाद परिवार द्वारा कराया जा रहा है। जानकारी देते हुए वार्ड पार्षद रामरतन निषाद ने बताया कि आज 12 मई को कलश यात्रा देव प्रतिष्ठा, पुराण प्रतिष्ठा के साथ कथा प्रसंग प्रारंभ होगा। कल मंगलवार को परीक्षित जन्म कपिल देव एवं ध्रुव चरित्र तथा बुधवार को गजेंद्र मोक्ष नरसिंह अवतार की कथा बताई जाएगी। गुरूवार 15 मई को वामन अवतार श्रीरामकृष्ण अवतार, शुक्रवार 16 को श्रीकृष्ण बाललीला एवं रूखमणी विवाह, 17 शनिवार को सुदाम चरित्र, 18 रविवार को परीक्षित मोक्ष तुलसी वर्षा शोभायात्रा तथा 19 मई सोमवार को गीता प्रवचन यज्ञपूर्णाहुति एवं महाप्रसाद वितरण होगा। कथा प्रसंग का समय दोपहर ढाई बजे से शुरू होगा।



### एक देश, एक चुनाव समय की मांग : राजपूत

**छुईहा बेलर।** भारत जैसे प्रजातांत्रिक देश में सालभर किसी न किसी प्रकार के चुनाव होने से कई प्रकार की प्रशासनिक असुविधा आर्थिक खर्च सहित अनेक प्रकार की परेशानी को देखते हुए छत्तीसगढ़ चेम्ब ऑफ कामर्स एंड इन्डस्ट्रीज के जिला उपाध्यक्ष अशोक राजपूत ने रविवार को ग्राम परसठ्ठी में कहा की एक देश एक चुनाव की जरूरत और प्राथमिकता को लेकर आम जन मानस के बीच अपनी बात रखी और कहा की एक देश एक चुनाव देश की समृद्धि, सम्पन्नता के लिए अति आवश्यक है। आज कई राज्य में विभिन्न समय में अलग -अलग चुनाव होते है जिसमें राज्य में वृद्धि होने पश्चात चुनाव में काफी समय लग जाता है। आचार संहिता लाग होने पर अंतिम व्यक्ति तक सरकारी लाभ और सुविधा नहीं मिल पाती, अत्यधिक रूप से सरकारी तंत्र का उपयोग किया जाता है।



## समाधान शिविर : हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से किया गया

# विष्णुदेव सरकार के सुशासन के चलते तेजी से हो रहे विकास कार्य : गौरी शंकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



प्रदेश के विष्णुदेव सरकार गांव गरीब किसानों के हित में अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। जिसका सीधा लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है। सुशासन तिहार के माध्यम से ग्रामीणों के समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। उक्त बाते मैनपुर विकासखण्ड के गोहरापदर में आयोजित समस्या निवारण शिविर को संबोधित करते हुए जिला पंचायत गरियाबंद के अध्यक्ष गौरी शंकर कश्यप ने कही। सुशासन तिहार के तीसरे चरण के अंतर्गत जिले में जिला स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में मैनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत गोहरापदर में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जहां गोहरापदर सहित आसपास गांव के लोगों ने भी उपस्थित होकर अपने -अपने आवेदनों के निराकरण की स्थिति के बारे में जानकारी ली। शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी एवं कलेक्टर बीएस उइके भी शामिल हुए। शिविर में प्रशासनिक अधिकारियों ने शामिल होकर लोगों को विभागीय योजनाओं एवं उनके आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी।

- शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष एवं कलेक्टर भी हुए शामिल

**राजस्व संबंधी समस्याओं को तत्काल पूरा किया जाए-** बिन्द्रानवागढ़ के पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी ने कहा की केन्द्र के नरेन्द्र मोदी एवं राज्य के विष्णुदेव सरकार डबल इंजन की सरकार आज तेजी से विकास कार्य कर रही है। उन्होने कहा की क्षेत्र के जनता भोलेभाले है और जनता की छोटी-छोटी समस्या राजस्व संबंधी त्रृटी सुधार जाति प्रामाण पत्र व जो भी समस्याएं आ रही है उसे तत्काल पूरा किया जाए जिससे जनता का विश्वास सरकार और प्रशासन के प्रति बढ़े। उन्होने कहा की पिछले पांच वर्षों में छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना को रोककर रखा था अब प्रदेश में भाजपा की विष्णुदेव सरकार बनने के बाद प्रत्येक गरीबों का मकान बन रहा है और जो छुट गया है उनका भी मकान बनाया जायेगा। शिक्षा विभाग की क्षेत्र में बेहद खराब स्थिति है जगह-जगह स्कूल भवन अधूरे पड़े हुए हैं। मेरे गांव उरमाल में पहली से लेकर हायर सेकडरी तक कक्षा एक ही जगह संचालित हो रही है। उन्होने कहा की शराब और छिन्द रास जैसे नशीले पदार्थों पर रोक लगाई जाए। प्रतिदिन इस क्षेत्र में दुर्घटना की ग्राफ बढ़ती जा रही है।

### योजनाओं का लाभ सभी पात्र लोगों को मिले : कश्यप



जिला पंचायत अध्यक्ष एवं कलेक्टर ने शिविर स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टाल का निरीक्षण कर लोगों को लाभान्वित किये जा रहे गतिविधियों की जानकारी ली। साथ ही शिविर में मौजूद लोगों को जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण कर पर्यावरण बचाव के संबंध में जागरूक करते हुए शपथ भी दिलाई। उन्होंने लोगों को जल के बचाव के लिए कार्य करते हुए फसल परिवर्तन एवं जल संरक्षण कार्यक्रम के प्रति जागरूक किया। शिविर में केन्द्र और राज्य सरकार की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया गया शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष कश्यप ने कहा कि शासन की मंशा है कि समस्त योजनाओं का लाभ सभी पात्र लोगों को मिले। साथ ही उनके सभी समस्याओं का निराकरण भी हो। कलेक्टर ने कहा कि जिले में सुशासन तिहार के दौरान लोगों द्वारा दिए गए अधिकतम आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। बाकी सभी आवेदनों का पात्रता परीक्षण कर तेजी से निराकरण किया जा रहा है। उन्होंने शासकीय योजनाओं की जानकारी देते हुए समाधान शिविर में लगाए गए विभागीय स्टालों के माध्यम से भी योजनाओं की जानकारी लेने की अपील ग्रामीणों से की।

### ये रहे शामिल

इस दौरान शिविर में पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी, जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम जिला पंचायत सीईओ जीआर मरकाम, अपर कलेक्टर नवीन भगत, मैनपुर के प्रभारी एसडीएम तुलसीदास मरकाम, सीईओ जनपद मैनपुर श्वेता वर्मा जनपद अध्यक्ष मोहना नेताम उपाध्यक्ष नंद कुमारी राजपूत, तपेश्वर ठाकुर, निर्भय ठाकुर, गुरू नारायण तिवारी, पुनीत राम सिन्हा, तोमेश साहू, पंचायत इंस्पेक्टर राजकुमार ध्रुवा, लिबास पटेल, बीईओ महेश पटेल, बीआसीसी शिवकुमार नागे, महिला बाल विकास अधिकारी पीके ठाकुर, पतिराम साहू, अभिनव सूर्यवंशी, नरसिंह ध्रुव, पुरेन्द्र वर्मा, तहसीदार गेंदलाल साहू सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारीगण एवं ग्रामीणजन मौजूद थे।

## गर्मी में शीतल पेयजल उपलब्ध कराने चैंबर ने की पहल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स शहर में आम आदमी को राहत पहुंचाने शीतल पेयजल की व्यवस्था करेगा। इसके लिए प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने सभी संगठनों से आग्रह किया है, प्याउघर के लिए जगह चिन्हांकित करें, जितने पानी की जरूरत होगी, चैंबर उसकी व्यवस्था करेगा। व्यापारियों को संगठन स्तर पर मजबूती देने के साथ ही चैंबर अब सामाजिक कार्यों में भी सहभागी बनने पहल कर रहा है। गर्मी के सीजन में राहगीरों की प्यास बुझाने विभिन्न संगठनों से अपने -अपने क्षेत्र में जगह चयनित कर प्याऊ खोलने और पानी पिलाने की जिम्मेदारी उठाने आग्रह किया है। चैंबर के शपथ ग्रहण के समारोह के कार्यक्रम में सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने शहर के सभी व्यापारियों से भी अपील की थी कि जल ही जीवन है और ये बहुत पुण्य का कार्य है, इसलिए रोजाना पानी पिलाने के कार्य की जिम्मेदारी लें। इसी कड़ी में आज आलू प्याज व्यापारी संगठन टिंबर एसोसियेशन एवं सराफा एसोसिएशन ने प्याऊघर की शुरुआत की। इसका उद्घाटन चैंबर के अध्यक्ष सतीश थौरानी ने किया। श्री थौरानी के नेतृत्व में चैंबर ने शनिवार को तीन स्थानों भनपुरी शीतल ट्रेडर्स, रायपुर आलू प्याज आढ़तिया संघ नारायणा हॉस्पिटल, रायपुर प्लाईवुड एसोसिएशन देवेंद्र नगर, सदर बाजार रायपुर सराफा एसोसिएशन के सहयोग से प्याऊ घर शुरू किए हैं। इस अवसर पर जितेंद्र दोशी,रायपुर सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश भंसाली, सचिव दीपचंद कोटड़िया,चैंबर के वरिष्ठ पदाधिकारी राजेश वासवानी ,राधाकृष्ण सुंदरानी, कपिल दोशी, सुदेश मध्यान, चैंबर रायपुर जिला उपाध्यक्ष लोकेश चंद्रकांत जैन सहित अन्य व्यापारी उपस्थित थे।

## भारत की सैन्य शक्ति का लोहा मान रही दुनिया : नंदनी नेताम



**मैनपुर।** भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य नंदनी नेताम ने आतंकवाद के खिलाफ की गई कार्यवाही पर वीर जवानों के सौर्य को सलाम करते हुए कहा की भारत की सेना एक बार फिर साबित कर दिया कि जब देश की सुरक्षा की बात आती है तो हम पाकिस्तान के भीतर घुसकर मारेगें और देश की पूरी जनता सेना के साथ है। श्रीमती नेताम ने कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नेतृत्व का नया भारत है यह किसी से डरने और दबने वाला नहीं है हमें भारत की सैन्य सेना पर गर्व है हमारे सशस्त्र बल हर मोर्चे पर भारत की रक्षा कर रहे है। पाकिस्तान की नापाक हरकतों का पाई-पाई हिसाब लेना है।

### हिस्ट्रीशीटर समेत दो गिरफ्तार

**रायपुर।** गोलबाजार पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर समेत दो युवकों को गिरफ्तार किया है। प्रार्थिया गायत्री सोनी निवासी राजीव आवास रायपुर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी पीयूष बघेल एवं मुकेश उर्फ मुक्कू नायक ने चाकू से उसे डराते हुए उससे गाली-गलौज की। पुलिस ने इसके बाद पीयूष और मुक्कू को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा है। आरोपियों में पीयूष गोलबाजार का हिस्ट्रीशीटर बदमाश है।

## पेज 11 के शेष...

### सीजी 23 वाहनों में

656 रुपए एवं भारी वाहन के लिए 706 रुपए के शुल्क लगेगा।

आरसी बुक, आधार और मोबाईल नंबर अनिवार्य- जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि शिविर में लोगों को आवेदन के लिए वाहन की आरसी बुक की प्रति, आधार कार्ड की प्रति और मोबाईल नंबर साथ लाना अनिवार्य है। आवेदन ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से होगा। जो आवेदक पोर्टल चलाने में सक्षम नहीं है, उनके लिए शिविर में सीएससी या पीएसके सेंटर की सहायता भी उपलब्ध रहेगी, जहां लोगों को फार्म भरवाने के लिए 50 रुपए अतिरिक्त शुल्क देना होगा। लोगों से उपरोक्त शिविरों में आकर अपने वाहन का एचएसआरपी नंबर प्लेट के लिए आवेदन करना सुनिश्चित करने की अपील की गई है। शिविर में आवेदित वाहनों का नंबर प्लेट अगले दिन ही फिटमेंट भी किया जावेगा। परिवहन विभाग द्वारा आम जनमानस से इन शिविरों का लाभ अवश्य उठाने की अपील की गई है।

### शिक्षा व सुविधाओं...

शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। नगर में स्वरोजगार और व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए कई स्थानों पर नए व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स बनाए जाएंगे। पुराने और जर्जर भवनों को हटाकर नए भवनों का निर्माण होगा। इससे नगर की संरचना मजबूत होगी और पालिका की आय भी बढ़ेगी। बस स्टैंड और अटल बाजार की रिक्त दुकानों की नीलामी की जाएगी। पौनी पसारी चबूतरों का आबंटन भी होगा।

### तमिलनाडु भागने...

सोनपुर गांव में छापा मारा था, जहां सुसेन कुमार, राजा कुल्लू, कृष्णा हलधर, पोषण मंडल, गौर मंडल और सुमेंद्र विश्वास के ठिकानों से भारी मात्रा में सागौन की लकड़ी जब्त की गई थी। साथ ही एक पिकअप वाहन भी पकड़ा गया, जिसमें 8 सागौन की लकड़ियां पाई गईं। मौके से प्रशांत दास और विजय गोंड को गिरफ्तार किया गया था।

**एंटी पोचिंग यूनिट ने संभाली कमान-** स्थिति की गंभीरता को देखते हुए यूएसटीआर की एंटी पोचिंग यूनिट ने नवरंगपुर पुलिस के सहयोग से 22 जनवरी को सोनपुर से प्रशांत दास को दोबारा गिरफ्तार किया। पूछताछ में प्रशांत दास ने सागौन तस्करी की बात कबूल करते हुए बालकदास को इस नेटवर्क का अहम सहयोगी बताया।

**सेबन की भी हो चुकी है गिरफ्तारी-** इससे पहले ओडिशा के संबलपुर निवासी सेबन को भी कोंडागांव से गिरफ्तार किया गया था। बताया गया कि वह भी इसी तस्करी नेटवर्क से जुड़ा था। पूरे अभियान का नेतृत्व सहायक निदेशक गोपाल कश्यप और रेंजर केजूराम कोर्चे ने किया। उनके साथ एंटी पोचिंग यूनिट के अन्य सदस्य भी सक्रिय रहे। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उप निदेशक वरुण जैन ने बताया कि बालकदास से पूछताछ में अहम जानकारियाँ मिली हैं और गिरोह के अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

## बदलते मौसम में बीमारी का खतरा ज्यादा, लंबी कोशिश के बाद नियंत्रित हुआ बेंद्री का डायरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



बदलते मौसम और खानपान में लापरवाही से बीमारी का खतरा ज्यादा है। लंबी कोशिशों के बाद बेंद्री में फैले डायरिया को नियंत्रित कर लिया गया है। स्वास्थ्य विभाग की जांच में यह बात भी सामने आई है कि डायरिया प्रभावित गांव में एक विवाह समारोह के दौरान बकरा पार्टी भी हुई थी। स्वास्थ्य विभाग के अफसरों ने गर्मी के मौसम में मैदानी अमले के ग्रामीण इलाकों में डायरिया जैसी शिकायतों को लेकर ज्यादा नजर रखने निर्देशित किया है।

- अस्पतालों में अब तीन से चार प्रभावितों का इलाज, गांव में हुई थी बकरा पार्टी

सबसे पहले माना के टेमरी में उल्टी-दस्त का प्रकोप हुआ था। वहां सौ से अधिक लोग पीड़ित हुए थे जिसकी वजह वहां के बोरवेल से निकलने वाले बैक्टीरिया युक्त पानी को माना गया था। गांव में होने वाली शादी के दौरान दूषित पानी का उपयोग किए जाने की बात सामने आई थी। काफी दिनों के शिविर के बाद वहां लोगों को राहत मिली। इसके बाद अभनपुर के बेंद्री गांव में डायरिया ने पांव पसारा, शुरुआती दौर में दूषित जल को इसका कारण माना गया था। बाद में यह भी तथ्य सामने आया था कि जिनकी तबीयत खराब हुई थी वे गांव में हुई शादी के दौरान बकरा भोज में शामिल हुए थे। स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन की टीम के मशक्कत के बाद बेंद्री में डायरिया की शिकायत अब कम हो गई है। वहां के सरकारी के साथ निजी अस्पतालों में उल्टी-दस्त के शिकायत पर भर्ती मरीजों की संख्या तीन से चार में सिमट गई है। इसके अलावा नये मरीज भी अब इक्का-दुक्का ही सामने आ रहे हैं।

### महिला की मौत मगर डायरिया की पुष्टि नहीं

सूत्रों के अनुसार बेंद्री में विवाह समारोह में शामिल होने आई एक महिला की मौत हो गई थी। महिला को उल्टी-दस्त की शिकायत हुई थी जिसके बाद उसे निजी अस्पताल में दाखिल किया गया था। स्वास्थ्य विभाग से जुड़े अफसरों का दावा है कि डायरिया से संबंधित शिकायत का समाधान हो चुका था। उसे श्वांस संबंधित शिकायत हुई थी जिसके बाद उसे अस्पताल में इलाज के लिए दाखिल किया गया था।

### पेट में ऐंठन की शिकायत ज्यादा

चिकित्सकों के अनुसार गर्मी के इस मौसम में लोगों को पेट से संबंधित तकलीफ ज्यादा होती है। बदहजमी के साथ पेट में मरोड़ की शिकायत लेकर काफी संख्या में मरीज अस्पताल तक पहुंच रहे हैं। अभी लू संबंधी शिकायत खत्म हो गई है मगर पेट खराब होने की परेशानी के साथ मरीज अस्पतालों तक पहुंच रहे हैं। डाक्टरों का कहना है कि वर्तमान में खानपान को लेकर विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है। खासकर बासी अथवा खुले में रखे खाद्य पदार्थों के उपयोग से बचना चाहिए।

### राजभवन में धर्मसभा, सभी धर्मों के प्रतिनिधि हुए शामिल

**रायपुर।** वर्तमान में चल रहे तनावपूर्ण परिस्थिति में सभी धर्मों, समाजों एवं सम्प्रदायों के बीच शांति, सौहार्द्र एवं एकजुटता के उद्देश्य से शुक्रवार को राजभवन के दरबार हॉल में राज्यपाल रमेन डेका की अध्यक्षता में सर्वधर्म सभा आयोजित की गई। सभा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भी उपस्थित थे। इस अवसर पर राज्यपाल श्री डेका ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान तनावपूर्ण स्थिति केवल सीमाओं पर युद्ध की चुनौती नहीं है बल्कि यह हमारे समाज की एकजुटता, हमारी संस्कृति की सहिष्णुता और हमारे नागरिकों की जागरूकता की परीक्षा भी है। हमारी यह जिम्मेदारी बनती है कि हम समाज में संयम, शांति और सद्भाव को बनाए रखें। मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने संबोधन में कहा कि भारत देश सत्य, अहिंसा और शांति का पुजारी है। आज के इस बैठक में सभी धर्म के प्रतिनिधियों ने एकता का संकल्प दोहराया है। सर्वधर्म सभा में जैन समाज के चंद्रेश शाह, शदाणी दरबार के संत डॉ. युधिष्ठिर लाल, ब्रह्माकुमारी शांति सरोवर की सविता बहन आदि शामिल हुए।

## राज्य में अब तक 40 लाख 95 हजार आवेदन, निराकरण करने में लगा प्रशासन

# सुशासन तिहार : आवेदनों के निराकरण में धमतरी सबसे आगे, पीएम आवास पर अधिक अर्जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में आम जनता की शिकायतों एवं मांगों के त्वरित समाधान के लिए 'सुशासन तिहार' का आयोजन जारी है। तीसरे चरण में प्रदेशभर के गांवों और कस्बों में शासन-प्रशासन पूरी तत्परता और तन्मयता के साथ आमजन की बातें सुन रहा है और उनका समाधान कर रहा है। मुख्यमंत्री स्वयं इस अभियान की निगरानी कर रहे हैं। वे गांवों के आकस्मिक दौरे कर रहे हैं। शासकीय योजनाओं की जमीनी हकीकत का मूल्यांकन कर रहे हैं। जनता से सीधा संवाद कर रहे हैं और समाधान शिविरों में पहुंचकर लोगों की समस्याओं को सुनकर उसका मौके पर निराकरण करवा रहे हैं।

सुशासन तिहार के तहत अब तक 40 लाख 95 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से अधिकतर का निराकरण कर लिया गया है। इसमें धमतरी जिला ने लगभग 2 लाख 28 हजार आवेदनों में से 99.38 प्रतिशत का निराकरण कर राज्य में प्रथम स्थान पर है। प्रदेश के 14 जिले धमतरी, महासमुंद, सक्ति, बालोद, रायगढ़, सारंगढ़-बिलाईगढ़, मुंगेली, रायपुर, सरगुजा, दंतेवाडा, दुर्ग, जांजगीर-चाम्पा, नारायणपुर, बीजापुर ने 90 प्रतिशत से अधिक आवेदनों का निराकरण कर लिया है। जबकि गरियाबंद, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, बिलासपुर, राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, बलौदा बाज़ार-भाटापारा, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, कबीरधाम, बेमेतरा, जशपुर, कोरिया, कांकेर, सूरजपुर जिले ने 80 से 90 प्रतिशत आवेदनों का समाधान किया है। बस्तर जिले में 78.48 प्रतिशत, कोण्डागांव में 70.97 प्रतिशत, बलरामपुर-रामानुजगंज जिलें में 60.59 प्रतिशत, मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर ने 59 प्रतिशत, कोरबा जिले ने 41.61 प्रतिशत तथा सुकमा जिले ने 30 प्रतिशत से अधिक आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है।

सुशासन तिहार 2025

### प्रशासन को जनता के निकट लाने में सफल

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की यह पहल छत्तीसगढ़ राज्य को, जनभागीदारी पर आधारित सुशासन की दिशा में आगे बढ़ा रही है। गांवों में शिविरों में पहुंचकर आम लोगों से संवाद करना, शिकायतों की तत्काल सुनवाई करना और शासकीय तंत्र को अधिक उत्तरदायी बनाना, यही सुशासन तिहार की मूल भावना है। 'सुशासन तिहार' छत्तीसगढ़ शासन की एक अभिनव पहल है, जिसने प्रशासन को जनता के और निकट लाकर विश्वास, समाधान और सेवा की एक मजबूत परंपरा को जन्म दिया है।

### रायपुर को मिले सर्वाधिक आवेदन

रायपुर जिले को 3 लाख 764 आवेदन प्राप्त हुए, जो राज्य में सर्वाधिक है, इसके बाद दूसरे क्रम पर बलौदाबाजार-भाटापारा जिला है। धमतरी, बिलासपुर और बस्तर क्रमशः तीसरे, चौथे और पांचवे स्थान पर हैं। निराकरण के मामले में धमतरी पहले, महासमुंद दूसरे और सक्ति जिला तीसरे स्थान पर हैं. बालोद और रायगढ़ चौथे और पांचवें क्रम पर हैं।

**पीएम आवास योजना के 10 लाख आवेदन**

सुशासन तिहार के दौरान सर्वाधिक 10 लाख से अधिक आवेदन प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित प्राप्त हुए, जिनमें से 94.70 प्रतिशत का निराकरण हो चुका है। उज्ज्वला योजना से जुड़े 1.47 लाख और राशन कार्ड हेतु 1.12 लाख आवेदनों में से अधिकांश का समाधान कर दिया गया है। शहरी क्षेत्रों में सड़क निर्माण, पेयजल व्यवस्था और स्वच्छता से संबंधित मांगें भी प्रमुख रहीं।

**महिला एवं बाल विकास विभाग निराकरण में आगे**

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को 25 लाख 77 हजार 747 आवेदन प्राप्त हुए. राजस्व विभाग को 3 लाख 74 हजार 429, खाद्य विभाग को 2 लाख 18 हजार 113, महिला एवं बाल विकास विभाग को 1 लाख 57 हजार और नगरीय प्रशासन विभाग को 1 लाख 42 हजार 475 आवेदन प्राप्त हुए. निराकरण में महिला एवं बाल विकास विभाग प्रथम, श्रम विभाग दूसरे, तथा उद्योग, पशुपालन और खाद्य विभाग क्रमशः तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर हैं।

**खबर संक्षेप**

## पंजीयन प्रणाली में साय सरकार ने किया ऐतिहासिक बदलाव : साहू

**छुईहा बेलर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पंजीयन प्रणाली में ऐतिहासिक बदलाव करते हुए रजिस्ट्री एवं नामांतरण से जुड़े 10 क्रांतिकारी नवाचार की शुरूआत की है। पूर्व सांसद एवं वेयर हाऊस



कार्पोरेशन के अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने कहा कि अब पंजीयन के बाद नामांतरण की प्रक्रिया स्वतः पारदर्शी अ त्वरित रूप से पूरी होगी, जिससे नागरिकों को बार -बार तहसील कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। उन्होंने बता कि इस नई व्यवस्था से राजस्व न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या घटेगी और न्यायिक प्रक्रिया तेज होगी। इसके साथ ही फर्जीवाड़ा और भ्रष्टाचार पर भी प्रभावी रोक लगेगी। श्री साहू ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि आम जनता को तकनीक के माध्य से सरल और पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने बताया कि रजिस्ट्री प्रक्रिया को पेपरलेस एवं कैशलेस बनाते हुए 10 नवाचारों को लागू किया गया है जिससे आमजन को समय, श्रम और धन की बचत होगी। साथ ही पारिवारिक दा हक त्याग और बंटवारे जैसे मामलों में पंजीयन शुल्क को मात्र 500 रूपए कर दिया गया है, जिससे आम नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी।

## गौठान योजना बंद किए जाने से मवेशी भटकने को मजबूर : यादव

**मैनपुर।** ब्लाक कांग्रेस मैनपुर के महामंत्री गैंदू यादव ने कहा की छत्तीसगढ़ में भजपा की सरकार



बनने के बाद महत्वपूर्ण गौठान योजना को बंद कर दिया गया है जिसके कारण आए दिनो गाय, बैल व अन्य मवेशियों की सड़क दुर्घटना में मौत हो रही है और मवेशियों को इस भीषण गर्मी में चारापानी के लिए भटकना पड़ रहा है पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार के द्वारा संचालित गौधन न्याय योजना को बंद करके गौवंशी पशुओं को सड़क पर बेमौत मरने को छोड़ दिया गया है गौ अभ्यारण के नाम पर केवल वाहवाही लूटी जा रही है। धरातल पर कुछ भी नहीं है जबकि गौठान से लाखों लोगों को रोजगार मिल रहा था और गौवंश सुरक्षित था श्री यादव ने कहा गौठान समिति के माध्यम से महिला स्वसहायता समूह को पहले रोजगार मिल रहा था।

## सेंदर हाई स्कूल की 12वीं में पुष्पा व 10वीं में चेतना प्रथम

**छुईहा बेलर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा 10वीं व 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेंदर 12 वीं कक्षा की छात्रा पुष्पा ने 85.6% के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। चांदनी ने 82.2% के साथ द्वितीय स्थान एंव कक्षा 10वीं की छात्रा चेतना ने 86.8% के साथ कक्षा में प्रथम स्थान, रोशनी ने 83.1% लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य मेघा ठाकरे, प्रबंध समीति अध्यक्ष जनक साहू, पूर्व सरपंच भाजपा नेता रामाधार साहू, सरपंच गामनि राकेश घृतलहरे, पूर्व सरपंच टिकेश्वर साहू ने परीक्षा में उत्तीर्ण करने वाले छात्रों पर बधाई दी और कहा की ईश्वर करें आप आगे इससे उत्कृष्ट उपलब्धियां प्राप्त करते रहे।

# मैनपुर पुलिस ने शुरू की 'नेकी की दीवार', जरुरतमंदों को मिलेगी मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में पुलिस द्वारा रविवार को एक अनुकर्णीय पहल प्रारंभ किया गया है जिसका लोगों के द्वारा खुले मन से जमकर तारीफ किया जा रहा है। मैनपुर एसडीओपी पुलिस विकास पाटले एवं थाना प्रभारी शिवशंकर हुर्रा के नेतृत्व में थाना के सामने नेकी का दीवार का शुभारंभ नगरवासियों के उपस्थिति में किया गया है। वहीं मैनपुर नगर को स्वच्छ और सुन्दर बनाने की शपथ लिया गया साथ ही आज नगर के सरपंच हनीता नायक एवं पुलिस के अधिकारी स्टाप, व्यापारी व अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी जनप्रतिनिधि सब मिलजूल कर मैनपुर नगर में साफ सफाई अभियान प्रारंभ किया सुबह 07 बजे से सभी लोगों ने नगर के मुख्य बस स्टैण्ड से लेकर मुख्यमार्ग एवं चौक चौराहो में झाडू लगाकर साफ सफाई प्रारंभ किया और प्रत्येक रविवार को सभी के द्वारा मैनपुर नगर की साफ सफाई करने का संकल्प लिया गया है। इस दौरान एसडीओपी पुलिस विकास पाटले ने कहा मैनपुर नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने के लिए सभी को आगे आना होगा और साफ सफाई में श्रम दान करना होगा हमारे नगर की साफ सफाई और इसे सुन्दर बनाना हमारी जिम्मेदारी है।

### नगरवासियों के साथ मिलकर पुलिस के अधिकारियों ने किया नगर की साफ सफाई



#### जरूरतमंदों के लिए मददगार साबित होगा

थाना प्रभारी शिव शंकर हुर्रा ने कहा की मैनपुर नकर आ जो नेकी की दिवार प्रारंभ किया गया है निश्चित रूप से यह गरीबों जरूरतमंदों के लिए मददगार साबित होगा यहां हम सब को मिलकर कपड़ा, रोजमर्रा के सामग्री और छोटी-छोटी मदद की सामग्री एकत्र करना है जिससे जरूरतमंद लोगों को इसका लाभ मिल सके। उन्होने कहा की आगे चल के यह नेकी दीवार हमारे क्षेत्र के लोगों के लिए बेहतर साबित होगा। श्री हुर्रा ने आगे कहा की पुलिसिंग केवल कानून व्यवस्था तक सीमित नहीं बल्कि समाज के बेहतरी में सहभागी होना ही उसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। इस मौके पर प्रमुख रूप से एसडीओपी पुलिस विकास पाटले, थाना प्रभारी शिवशंकर हुर्रा, मैनपुर सरपंच हनीता नायक, भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोश यादव, जनपद सदस्य कुमारी पटेल, भाजपा नेत्री नंदनी नेताम, व्यापारी संघ के संरक्षक मोहित द्विवेदी, रामदास वैष्णव, जाकीर रजा, राजकुमार साहू, पारे"वर नेताम, बलदेव नायक, भागबती श्रीवास्तव, हुलार ठाकुर, संतोष ध्रुव, संतोष साहू, एकता दीक्षित, अफजलखान, नरेश सिन्हा, अजीत लाल एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

### कार्यक्रम : राजिम में राजिम भक्तिन माता प्रतिमा लोकार्पित

# राजिम के विकास में कोई कमी नहीं होगी : विधायक रोहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम-गरियाबंद, घटारानी-छुरा मार्ग तिराहे में रविवार को राजिम भक्तिन माता की भव्य प्रतिमा का अनावरण विधायक रोहित साहू के मुख्य आतिथ्य एवं प्रमुख अतिथि कसडोल विधायक संदीप साहू तथा नपा अध्यक्ष महेश यादव की मौजूदगी में हुआ। यह आयोजन साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के तत्वावधान में हुआ। इस अवसर पर विधायक रोहित साहू ने कहा कि आज मातृत्व दिवस है और इस शुभ अवसर पर साहू समाज के आराध्य देवी राजिम भक्तिन माता की भव्य प्रतिमा का अनावरण हुआ। कहा कि माता राजिम और साहू समाज की प्रदेश और देश में एक विशेष पहिचान है। साहू समाज बाहुल्यता के साथ ही संगठित समाज है। जिससे समाज की ताकत बढ़ी है। समाज में एकता के कारण ही साहू समाज से 12 विधायक जीतकर विधानसभा में गये है। सरकार किसी की भी हो,जब समाज से जीत कर जाते हैं तो समाज को इसका फायदा मिलता है। विधायक श्री साहू ने कहा कि 7 जनवरी राजिम माता जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय यहां पहुंचे थे, तब मैंने मांग किया था कि राजिम माता के नाम से विख्यात प्राचीन नगरी राजिम में भव्य राजिम माता की कांस्य प्रतिमा की स्थापना नाम के गौरव के अनुरुप हो। जिसके लिए मुख्यमंत्री श्री साय ने 5 करोड़ रुपए देने की घोषणा की है। जो एक वर्ष में बनकर तैयार हो जाएगा। यह विशाल प्रतिमा वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज होगा। यह संगठित और साहू बाहुल्य समाज की देन है। कहा कि जब समाज से केंदीय मंत्री बना,तो माता कर्मा के नाम से डाक टिकट जारी हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी भी साहू समाज से है,जो हमारे समाज का गौरव है। विधायक श्री साहू ने राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू की मांग पर साहू छात्रावास में भवन निर्माण हेतु 25 लाख रुपए देने की घोषणा किया।




### माता राजिम सर्व समाज की आराध्य

नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने कहा कि माता राजिम केवल साहू समाज की आराध्य देवी नहीं है, अपितु सर्व समाज की आराध्य हैं। समाज को ऐसा प्रचारित करना चाहिए। राजिम माता के नाम से इस प्राचीन नगरी का नाम पड़ा। जिसके नाम से आज चौक का लोकार्पण हुआ है, यह हम सभी क्षेत्रवासियों के लिये बड़े ही गौरव की बात है। कार्यक्रम का संचालन राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने किया। राजिम माता समिति की ओर से सभी अतिथियों का गमछा भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, जिला पंचायत के पूर्व सदस्य चंद्रशेखर साहू, सरपंच संघ के ब्लाक अध्यक्ष हरीश साहू,जिला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष डा रामकुमार साहू, ईश्वरी साहू, पार्षद आकाश राजपूत, तुषार कदम , नरोत्तम ठाकुर,अजय पटेल, ओंकार साहू , रामकुमार साहू, तरुण, अमृत साहू, रविशंकर, डाक्टर आलोक, ,नुतन साहू, भोले साहू, राजू साहू, रामू राम साहू, नारायण साहू,महेतरु साहू,बंधू साहू, यांशू, प्रियांशु साहू, खुशबू साहू, चित्र रेखा साहू, देवेन्द्र साहू, मंजूलता, मोनिका, सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।



### सीएम ने मड़ेली में 132 केवी सबस्टेशन की घोषणा की थी

श्री साहू ने इस अवसर पर मौजूद लोगों को बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सुशासन तिहार में राजिम क्षेत्र के ग्राम मड़ेली पहुंचे थे। मैंने मुख्यमंत्री जी से राजिम-छुरा मार्ग जो अत्यंत सकरा और जर्जर होने की ओर ध्यान आकर्षित किया तो उन्होने इसके लिए 145 करोड़ रुपए स्वीकृत किया। राजिम से बिजली छुरा जाती है, जिससे राजिम अंचल में बिजली की समस्या हो रही है, ग्राम मड़ेली में 132 केवी सबस्टेशन की घोषणा भी किया। पीपरछेड़ी बांध के लिए 85 करोड़ रुपए, की घोषणा सीएम श्री साय ने किया। कहा कि राजिम के विकास में कोई कमी नहीं होगी। जितना काम पांच साल में नहीं हुआ उससे ज्यादा का काम मात्र सवा साल में ही हो गया है इसे जनता देख रही है कि विष्णुदेव साय के सुशासन में राजिम क्षेत्र विकास के पथ पर बहुत तेजी के साथ अग्रसर होता चला जा रहा है। आगे और भी बहुत सारा काम यहां होगा।

### माता के हम सभी भक्त और उपासक

प्रमुख अतिथि के रूप में मौजूद कसडोल विधायक संदीप साहू ने कहा कि राजिम साहू समाज की राजधानी है। यहां हम सभी का आस्था राजिम भक्तिन माता हैं। समाज के संगठन के कारण ही रोहित साहू और मैं विधायक बने हैं। साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष टहलराम साहू ने कहा कि विधायक ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से साहू सहित सर्व समाज की आराध्य देवी माता राजिम की गौरव अनुरुप विशाल कांस्य प्रतिमा स्थापित कराने 5 करोड़ रुपए स्वीकृत कराया था। अभी तक किसी विधायक ने राजिम माता के विशाल प्रतिमा स्थापित कराने के लिए नहीं सोचे थे। कहा कि रोहित साहू जी किसी पद में रहे या ना रहे, लेकिन माता की विशाल प्रतिमा लोगों को हमेशा याद दिलाते रहेगा। माता के हम सभी भक्त है, उपासक हैं। राजिम माता की जयंती मनाने में भी विधायक रोहित साहू का शानदार योगदान रहता है। यह सोच माता और समाज के प्रति दृढ़ता और आस्था को दर्शाता है। कहा कि प्रदेश में हमारे समाज से जिस दिन 20 विधायक जीतकर आएंगे, तो समाज के व्यक्ति को मुख्यमंत्री बनने से कोई नहीं रोक सकेगा। मैं यही सोच लेकर समाज में काम कर रहा हूं।



## सीईओ मरकाम ने निर्माणाधीन पीएम आवास के कार्यों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिला पंचायत सीईओ जीआर मरकाम ने दूरस्थ वनांचल ग्राम छैलडोंगरी एवं कांडेकेला में शासन की महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री आवास योजना के वर्ष 2024-25 में स्वीकृत आवासों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने आवासों के प्रगतिरत निर्माण कार्यों का जायजा लिया। साथ ही उन्हें समय सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। सीईओ श्री मरकाम ने अप्रारंभ कार्यों को जल्द से जल्द प्रारंभ कर समय सीमा में पूर्ण कराने मौके पर मौजूद अधिकारी - कर्मचारियों को निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने हितग्राहियों से भी आवश्यक चर्चा की। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता, सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, आवास मित्र एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

- आवास के कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के दिए निर्देश

सीईओ श्री मरकाम ने गोहरापदर में आयोजित समाधान शिविर में शामिल होकर अलग -अलग विभागों में प्राप्त आवेदनो का जांच परीक्षण कर लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारी कर्मचारियों की बैठक लेकर पीएम आवास के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी कार्यों पर गहन निगरानी रखकर तेजी से कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन के मंशानुसार हितग्राहियों के आवास समय पर पूर्ण हो, जिससे उन्हें आवास योजना का लाभ आसानी से मिल सके। आगामी बरसात के सीजन को देखते हुए सभी कार्य तय समय पर पूर्ण करे। इस दौरान बैठक में पीओ मनरेगा, तकनीकी सहायक पीएम आवास योजना एवं मनरेगा, सचिव, रोजगार सहायक एवं आवास मित्र मौजूद रहे।

## धूप में झुलसते बिजली कर्मचारी लोगों के घरों में ला रहे उजाला

**मैनपुर।** मैनपुर देवभोग नेशनल हाईवे 130 सी के किनारे इन दिनों बिजली के हाई वोल्टेज 132 के व्ही लाईन में डबल सर्किट के लिए और तार लगाने का कार्य चल रहा है। ठेका कम्पनी के कर्मचारियों द्वारा इस भीषण 42 डिग्री तेज धुप में बिजली के टॉवर में लटक कर अपने जान जोखिम में डाल दूसरे के घर रौशनी पहुंचाने मेहनत करते दिखाई दे रहे हैं।



# स्वच्छता का संदेश देने फावड़ा-झाड़ू थामे जनप्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



नगर में स्वच्छता की नई अलख जगाने नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव ने अनुकरणीय पहल की शुरवात की है। अब हर रविवार नगर पालिका द्वारा नगर के किसी एक चयनित स्थल में सफाई अभियान चलाया जाता हैं। इसमें अध्यक्ष सहित सभी पार्षद, पालिका अधिकारी कर्मचारी और आम नागरिक भी शामिल होते है।

इसी कड़ी में रविवार को नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव के साथ पूरी टीम ने जिला अस्पताल परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। अध्यक्ष यादव सहित सभी जनप्रतिनिधी हाथ में फावड़ा और झाड़ू लेकर सफाई करते नजर आए। टीम ने करीब एक घंटे मेहनत कर अस्पताल परिसर में फैले कचड़े को साफ किया। बाउंड्रीवाल से झाड़झुंकुट भी हटाया। जिससे यह परिसर फिर से सुंदर और स्वच्छ नजर आने लगा।

इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य नगरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है, ताकि स्वच्छ गरियाबंद का



संकल्प साकार हो सके। उन्होंने कहा कि स्वच्छ गरियाबंद का सपना तभी पूरा होगा, जब हर नागरिक इस मुहिम का हिस्सा बनेगा। हम अभियान के माध्यम से नागरिको में स्वच्छता को लेकर जिम्मेदारी का भाव पैदा कर रहे है।

इस दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष आसिफ मेमन ने कहा कि हर रविवार चलने वाले इस अभियान में नगर पालिका अध्यक्ष स्वयं भाग लेकर जनप्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों को प्रेरित कर रहे हैं। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बारी-बारी से सफाई की जा रही है, जिससे हर वार्ड स्वच्छता अभियान से जुड़ रहा है।

इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, पूर्व नपा अध्यक्ष मिलेश्वरी साहू, नगर पालिका के सभापति सुरेंद्र सोनटेके, विष्णु मरकाम, रेणुका साहू, सूरज सिन्हा, पार्षद बिंदु सिन्हा, पुष्पा साहू, सीएमओ गिरीश रामटेके, वरिष्ठ नागरिक हरीश भाई ठक्कर, प्रकाश यादव, विनोद नेताम, परमानंद नेताम, पुष्पा यादव, इंजी अश्वनी वर्मा सहित बड़ी संख्या में आम नागरिक और पालिका के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# आत्मानंद स्कूल में प्रवेश के लिए लॉटरी से हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

शासकीय राम विशाल पांडेय उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल में कक्षा पहली में प्रवेश के लिए लॉटरी प्रक्रिया से हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव और उनकी धर्मपत्नी स्वर्णलता यादव मौजूद थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जन भागीदारी एवं विकास समिति के अध्यक्ष सुजाता शर्मा ने किया। विशेष अतिथि राष्ट्रीय आईटी सेल प्रभारी विवेक शर्मा, सोमनाथ पटेल, खुशी साहू, संजीव साहू, चंदन बंजारे, प्रतिभा शर्मा, विजेता देवानी मौजूद थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महेश यादव ने बोर्ड परीक्षा में अच्छे रिजल्ट के लिए बधाई दी। कहा कि विद्यालय की समस्याओं के प्रति वे संवेदनशील रहेंगे। विद्यालय



के विकास में जो भी उनकी ओर से सहयोग हो सकता है करेंगे। सुजाता शर्मा ने लॉटरी के माध्यम से चयन होने वाले बच्चों को बधाई दी। कहा कि बच्चे पढ़ाई के प्रति सजग रहें। सोमनाथ पटेल ने कक्षा पांचवी, आठवीं तथा 12वीं बोर्ड परीक्षा में अच्छे परफॉर्मेंस की जानकारी पालकों को दिया। पालकों को विश्वास दिलाया कि उत्कृष्ट शिक्षा का उद्देश्य इस विद्यालय में पूरा होगा। राष्ट्रीय आईटी सेल प्रभारी विवेक शर्मा ने बधाई दी। प्राचार्य संजय एक्का ने लॉटरी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि लॉटरी पूरी पारदर्शिता के साथ हुआ। लॉटरी की चीट नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने निकाला। लॉटरी के माध्यम से 12 बीपीएल श्रेणी के बच्चों तथा 25 बालिका वर्ग से एवं 13 अनारक्षित वर्ग से चयन हुआ। प्राचार्य ने कहा कि 15 मई तक चयनित बच्चों को समस्त दस्तावेज प्रस्तुत कर प्रवेश लेना होगा।

# शादी के जोड़े में परीक्षा देने पहुंचीं भूमिका


हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

- शिक्षा को प्राथमिकता देने वाली गरियाबंद की नवविवाहिता की कहानी प्रेरणा बनी

कहते हैं अगर इरादे मजबूत हों, तो कोई भी बाधा रास्ता नहीं रोक सकती। गरियाबंद जिले की नवविवाहिता भूमिका साहू ने इस बात को चरितार्थ कर दिखाया। शादी के ठीक बाद, लाल जोड़े में सजी भूमिका ने बीएड की प्रैक्टिकल परीक्षा दी और शिक्षा के प्रति अपने समर्पण की मिसाल पेश की। फिंगेश्वर विकासखण्ड के ग्राम पीपरछेड़ी निवासी भूमिका की शादी शनिवार को ग्राम हसदा के टोकेश्वर साहू से हुई थी। विवाह की सभी रस्में पूरी होने के बाद उन्हें परीक्षा की याद आई। उन्होंने तुरंत परिवार से बात की और विदाई के बाद सीधे गुरुकुल कॉलेज स्थित परीक्षा केंद्र पहुंचीं। इस खास मौके पर उनके पति टोकेश्वर साहू, फूफा चंद्रशेखर साहू, बुआ चंद्ररेखा साहू और बहन चंपेश्वरी साहू ने उनका साथ दिया। जब भूमिका शादी के पारंपरिक लहंगे में परीक्षा केंद्र पहुंचीं, तो वहां मौजूद शिक्षक और छात्र उनके समर्पण और साहस को देखकर चकित रह गए। सभी ने उनकी सराहना की और कहा कि यह आज की नारी शक्ति की सच्ची तस्वीर है।

### शिक्षा मेरी पहली प्राथमिकता है

भूमिका साहू ने कहा की शादी जिंदगी का अहम हिस्सा है, लेकिन पढ़ाई छोड़ना मेरे लिए विकल्प नहीं था। मुझे खुशी है कि मेरे परिवार ने मेरा साथ दिया और मेरा हौसला बढ़ाया। वहीं उनके पति टोकेश्वर साहू ने कहा हम दोनों शिक्षक परिवार से हैं इसलिए शिक्षा के महत्व को समझते हैं।



**प्रदेश के लिए बनी प्रेरणा-** भूमिका साहू का यह कदम सिर्फ गरियाबंद जिले के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणादायक बन गया है। यह उदाहरण साबित करता है कि यदि परिवार और समाज बेटियों का साथ दें, तो वे हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकती हैं।

HEALTH TOWN
k'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपत्तियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
SCAN ME
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001,
मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### शनि मंदिर में हुआ प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम, भक्तों में दिखा उत्साह

**नवापारा-राजिम।** ग्राम परसदा में महिला सेवा समिति के तत्वावधान में भगवान शनिदेव की मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा किया गया। इस अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसे गांव के चौंक-चौराहे से भ्रमण करते हुए गांव के तालाब से जल लेकर मंदिर स्थल पर पहुंचकर विधि विधान के साथ हवन पूजा कर शनिदेव की मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा किया गया। तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर सरपंच रमेश वर्मा, टीकू यादव, ललित साहू,पुरन साहू, चिंताराम साहू, नारद साहू, चंद्रकुमार यादव, कुमा तारक, मोतीराम तारक, संतोष साहू, ठाकुर राम साहू, ज्योति तारक, चम्पा तारक, उमेश्वरी साहू,खेदीन साहू,राही यादव, मोहनी साहू, रामबाई साहू सहित गांव के लोग उपस्थित थे।

### रक्षा कोष में शर्मा का योगदान 11 हजार रुपए की राशि भेजी

**राजिम।** राष्ट्रीय आई टी सेल प्रभारी विवेक शर्मा ने राष्ट्रीय रक्षा कोष में 11000 की राशि भेजा है। इसके साथ ही देश भर के सभी कर्मचारी एवं नागरिकों से कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध का माहौल है



लिहाजा हम सभी देशवासी एकजुट होकर देशहित में आतंकवाद का विरोध करें और भारत की सेना को मजबूत करने के लिए अपना तन, मन और धन से सहयोग करें। कहा कि प्रधानमंत्री राहत कोष एनडीएफ जो भारतीय सेना की सहायता के लिए होता है उसमें अपना आर्थिक योगदान देकर राष्ट्रहित में सहयोगी बने। श्री शर्मा ने बताया कि कर्मचारी संगठन में 85 लाख सरकारी कर्मचारी और लगभग 29 लाख कॉरपोरेट सेक्टर के कर्मचारी उनके संगठन में है,अगर सभी सहयोग करते है तो एक बहुत बड़ी राशि भारतीय सेना के लिए प्रधानमंत्री राहत कोष में जमा हो सकता है।

### जैविक कृषि को बढ़ावा देने हुई विशेष गोष्ठी

**महासमुंद।** पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम मिलाराबाद में जैविक कृषि को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसने गांव के कृषकों के मन में नई चेतना और उत्साह का संचार किया। इस गोष्ठी की सबसे विशेष बात यह रही कि इसमें छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री रामविचार नेताम के जैविक कृषि संबंधी उद्बोधन को लाइव प्रसारण के माध्यम से किसानों ने सुना, जिससे उनके मन में जैविक खेती को लेकर संभावनाए तथा सरकार के सकारात्मक उद्बोधन से प्रभावित होकर संपूर्ण ग्राम के किसानों ने वर्ष 2025 में लगभग 200 एकड़ भूमि पर जैविक खेती करने का संकल्प लिया।

**शिविर : सांसद ने कन्याशाला एवं मैडम चौक के लिए 5-5 लाख रूपए की दी स्वीकृति**

# महानदी की सफाई को मिलेगी रफ्तार बृजमोहन ने दी 50 लाख की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

सुशासन तिहार में दो दिन पहले नवापारा पहुंचे सासंद बृजमोहन अग्रवाल ने महानदी की सफाई के लिए 50 लाख तथा यात्री प्रतिक्षालय की कमी को देखते हुए रायपुर मेन रोड में कन्याशाला एवं शहर के मैडम चौक के लिए 5-5 लाख रूपए स्वीकृत किया। प्रदेश के यह पहले नेता हैं जिन्होने महानदी की सफाई के लिए न केवल सामने आए बल्कि मनरेगा के तहत 50 लाख रूपए स्वीकृत भी किया। यह सभी को मालूम है कि इस शहर के किनारे महानदी काफी दयनीय हालत में है। बंजर जैसी स्थिति है। इसे देखकर हर किसी के आंख से आंसु निकल आते है। एक जमाना वह भी था जब महानदी की धार में चमकीले रेत थी। धार के बीच यदि सिक्का भी उछल जाता तो वह भी साफ नजर आता था। यह नदी लाखों लोगों के लिए जीवनदायिनी है। महानदी के हालात को लेकर हरिभूमि ने कई बार शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया था। इसे मद्देनजर रखते हुए नवापारा नगर पालिका के महिला अध्यक्ष ओमकुमारी साहू ने इसे सांसद श्री अग्रवाल के समक्ष रखा। श्री अग्रवाल ने इसे देखते ही तत्काल राशि स्वीकृत किया। अब बड़ा सवाल यह है कि यहां के प्रशासनिक अधिकारी इसे कितनी गंभीरता से लेते है और सफाई अभियान को अंजाम देने के लिए क्या कार्रवाई करते है? चूंकि बारिशकाल डेड़ माह के अंतराल में आ ही जाएगी। इससे पहले यदि सफाई अभियान चलता है तो निश्चित रूप से बहुत हद तक महानदी अपने पुराने वैभव में लौट सकती है। हालांकि 50 लाख रूपए कम भी पड़ सकता है। लिहाजा प्रशासनिक स्तर में पालिका, लोक निर्माण, सिंचाई और अन्य विभागों के अमला के अलावा आसपास के गांव के कई समिति संगठन को आमंत्रित कर श्रमदान भी कराया जा सकता है। ठीक इसी तरह यात्रियों की मजबूरी और परेशानियों को देखते हुए हरिभूमि ने शासन-प्रशासन का ध्यान अभी हाल ही में आकर्षित किया था इस पर भी पालिकाध्यक्ष ओमकुमारी ने सांसद के सामने इसे रखा। संवेदनशील सांसद श्री अग्रवाल ने इसे समझा और यात्री प्रतिक्षालय के लिए तात्कालिक रूप से 5-5 लाख रूपए की राशि स्वीकृत किया।

■ सांसद के तेवर से शिविर में मौजूद अफसरों के बोल लगे थे लड़खड़ाने



### नगर विकास के लिए समन्वय बनाकर काम करें

मैडम चौक और कन्याशाला के सामने यात्री प्रतिक्षालय बन जाने से बस की प्रतिक्षा करने वाले यात्रियो खासतौर से महिलाओं और युवतियो को सिर छुपाने का जगह कम से कम मिल जाएगा। सांसद श्री अग्रवाल ने लाइब्रेरी के लिए भी राशि स्वीकृत किया। इससे पढ़ने वाले बच्चों को सहुलियत होगी। बता दें कि सांसद श्री अग्रवाल ने शिविर में पहुंचे अफसरों से सीधी भाषा में समझाया कि मेरा विभाग, तेरा विभाग नहीं चलेगा। बल्कि समस्या का समाधान एवं नगर विकास के लिए समन्वय बनाकर काम करें। श्री अग्रवाल के तेवर देखकर कई अफसरों के बोल लड़खड़ाने लगे थे। यहां पर आबकारी विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, फुड जैसे कई विभागों के आला अधिकारियों का दर्शन लोगों को पहली बार हुआ। नगरवासियों ने इन अफसरों को पहली बार अपने बीच पाकर अपने आपको धन्य माना। बता दें कि नवापारा रायपुर जिले का प्रमुख बड़ा नगर है। किंतु जिले एवं विकासखंड स्तर के अधिकारियों का नवापारा में दौरा नहीं होता जिस पर लोगों ने कड़ी आपत्ति भी दर्ज कराई।

### बृजमोहन के रडार पर अधिकारी

चूंकि बृजमोहन अग्रवाल रायपुर लोकसभा के सांसद है और नवापारा इसी लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत है ऐसे में सभी विभाग के बड़े अधिकारी बृजमोहन अग्रवाल के राडार में है। श्री अग्रवाल के तेवर से साफ लगा कि आला अधिकारियों द्वारा नवापारा की अनदेखी अब नहीं चलेगी। आला अधिकारियों को बहुत ही सक्रिय रूप से नवापारा का दौरा नियमित रूप से करना होगा वर्ना उन्हे लेने के देने भी पड़ सकते है। समीक्षा के लिए श्री अग्रवाल ने पुनः नवापारा आने की बात कही है और अफसरों को समस्याओं का निदान के लिए एक माह का समय दिया है। इस एक माह के समय में अफसरों को नवापारा के लिए कार्ययोजना बनाकर प्रस्तुत करना ही होगा।

# पंडरीपानी में तेंदुए की संदिग्ध मौत वन विभाग सतर्क



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा/गरियाबंद

छुरा परिक्षेत्र के पंडरीपानी जंगल से एक बार फिर चिंताजनक खबर सामने आई है। चार दिन पहले जिस इलाके में कुएं में गिरा तेंदुआ सुरक्षित रेस्क्यू किया गया था, उसी इलाके के जंगल में अब तेंदुए का क्षत-विक्षत शव मिलने से हड़कंप मच गया है। खाल और पंजों समेत कई अंग गायब हैं, जिससे तेंदुए के शिकार की आशंका गहरा गई है।

वन विभाग को दो अलग-अलग स्थानों पर तेंदुए के अंगों के अवशेष मिले हैं, जो आपस में करीब 500 मीटर की दूरी पर हैं। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह एक ही तेंदुए के अंग हैं या दो तेंदुओं को शिकार बनाया गया है। इस बारे में चिकित्सकीय टीम से पुष्टि कराई जा रही है। तेंदूपत्ता तोड़ने गए ग्रामीणों ने तीन दिन पहले ही शव देखा था और वीडियो भी बना लिया था, लेकिन डर के कारण वन विभाग को सूचना नहीं दी। आखिरकार आज मीडिया कर्मियों द्वारा वन विभाग को सूचना दिए जाने पर टीम मौके पर पहुंची और दोनों जगहों से तेंदुए के बॉडी पाट्र्स एकत्र किए।

**खाल और नाखून गायब, शिकार की पुष्ट संकेत-** मौके पर मिले अवशेषों में खाल और पंजों से नाखून गायब हैं। वन अधिकारियों का कहना है कि परिस्थितिजन्य साक्ष्य शिकार की ओर इशारा कर रहे हैं। डीएफओ लक्ष्मण सिंह ने कहा कि, /"यह एक तेंदुआ है या दो, इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम और अन्य जांचों के बाद ही हो पाएगी। लेकिन अब तक जो संकेत मिले हैं, वे अवैध शिकार की ओर इशारा करते हैं। दोषियों की तलाश की जा रही है।

**एक महीने से तेंदुए की बढ़ी थी हलचल, पहले भी रहे हैं हमले-** पंडरीपानी क्षेत्र में बीते एक माह से तेंदुए की गतिविधियां बढ़ गई थीं। बच्चों पर हमले, पेड़ पर चढ़े तेंदुए और मुर्गी का शिकार करने के बाद कुएं में गिरे तेंदुए को चार दिन पहले रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाला गया था। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि शिकारियों की नजर पहले से ही इलाके में सक्रिय तेंदुओं पर थी और मौका मिलते ही उन्होंने हमला कर दिया।

**जांच के बाद ही होगी स्थिति स्पष्ट-** वन विभाग ने पूरे घटनाक्रम की गंभीरता को देखते हुए जांच तेज कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्पष्ट होगा कि मृत तेंदुओं की संख्या एक है या दो। वन विभाग ने आसपास के गांवों में सतर्कता बढ़ा दी है और शिकारियों की तलाश शुरू कर दी गई है।

# 21 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद




नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे नया सवेरा अभियान के तहत देवभोग पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में उड़ीसा निर्मित डबल लाल घोड़ा छाप कच्ची महुआ शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों मामलों में कुल 21 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 9 मई को ग्राम खम्हारगुड़ा के पास लक्ष्मी चौक इलाके में आरोपी बेनुराम यादव (59 वर्ष) को पैदल शराब परिवहन करते पकड़ा गया। उसके पास से 6 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त की गई, जो 200 एमएल की 30 शीशियों में थी। जब्त शराब की कीमत लगभग 750 रुपये आंकी गई है।

**खेत के रास्ते में छिपाकर रखी थी शराब-** 10 मई को ग्राम सागौनबाड़ी के पास खेत के कच्चे रास्ते में आरोपी धर्मराज यादव (22 वर्ष) को पकड़ा गया। वह अपने खेत में छिपाकर शराब बेचने की फिराक में था। पुलिस ने मौके से 15 लीटर महुआ शराब बरामद की, जो 200 एमएल की 75 बोतलों में भरी गई थी। जब्त शराब की कुल कीमत 1,875 रुपये बताई गई है। दोनों मामलों में कुल 21 बल्क लीटर डबल लाल घोड़ा छाप कच्ची महुआ शराब जब्त की गई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गवाहों की मौजूदगी में गिरफ्तार कर अलग-अलग प्रकरणों में न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस कार्रवाई को नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत अंजाम दिया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर सभी थाना प्रभारियों को नशा विरोधी गतिविधियों के खिलाफ विशेष मुहिम चलाने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके तहत यह सफलता देवभोग पुलिस को मिली है।

**संघर्ष की मिसाल बनीं सावित्री नेताम**

# मदर्स डे विशेष : साइकिल बनी जीविका का साधन खुद के दम पर शुरू किया व्यवसाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

अलग खबर



मदर्स डे के अवसर पर हम आपको मिलवा रहे हैं मैनपुर विकासखण्ड के अमलीपदर की सावित्री नेताम जो विपरीत परिस्थितियों के बावजूद न सिर्फ अपने परिवार को संभाल रही हैं, बल्कि दूसरों के लिए भी प्रेरणा बन चुकी हैं। सावित्री ने अपने पति और बेटे को खोने के बाद हार नहीं मानी। उन्होंने अपनी साइकिल को ही सहारा बनाया और सायकिल में घुम-घुम कर मसाले, धनिया, मिर्चा, चूड़ी, टिकली और बांस के बर्तन रखकर घर-घर जाकर बेचने का काम शुरू किया। सावित्री नेताम सायकिल से उड़ीसा तक जाकर अपने सामान को बेचती हैं। हर बाजार के दिन वह बाजार-बाजार घूमकर अपनी रोजी-रोटी कमा रही हैं। उनका एक बेटा दूसरे राज्य में काम करता है। सावित्री अपनी कमाई से न सिर्फ घर चलाती हैं, बल्कि बेटे को भी आर्थिक मदद भेजती हैं। सावित्री के साथ उनकी ननंद भी रहती हैं, जिसकी जिम्मेदारी भी उन्होंने अपने कंधों पर उठा रखी है क्षेत्रवासी उन्हें एक संघर्षशील महिला के रूप में जानते हैं। यह कहानी उन सभी महिलाओं के लिए प्रेरणा है, जो विपरीत परिस्थितियों में भी हार मानने के बजाय अपने हौसले और मेहनत से अपनी जिंदगी को संवार रही हैं। मदर्स डे के इस मौके पर हम सलाम करते हैं ऐसी सभी मॉ को, जो दिन-रात मेहनत कर अपने बच्चों को एक बेहतर भविष्य देने के लिए संघर्षरत हैं।

